भारत सरकार

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1310

दिनांक 13 **मार्च**, 2023

कोल-बेड मीथेन का उपयोग

1310# **श्रीमती फूलो देवी नेतम**:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत में प्राकृतिक गैस और कोल-बेड मीथेन के कितने भण्डार मौजूद हैं, तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ख) कोल-बेड मीथेन का उपयोग किन-किन क्षेत्रों में किया जा रहा है, तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है; और

(ग) भारत में कोल-बेड मीथेन की आपूर्ति एवं माँग में कितना अन्तर है, इसकी पूर्ति के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री रामेश्वर तेली)

(क) प्राकृतिक गैस और कोल बेड मीथेन (सीबीएम) के 2पी (सिद्ध + संभावित) भंडारों के राज्य-वार ब्यौरे निम्नानुसार हैं:-

दिनांक 01.04.2022 **की स्थिति के अनुसार प्राकृतिक गैस और सीबीएम के** 2**पी भंडार** (**अनंतिम**)		
स्थल/राज्य	**प्राकृतिक गैस (सीबीएम के अलावा) (बिलियन घन मीटर)**	**सीबीएम (बिलियन घन मीटर)**
अपतट क्षेत्र	348.68	-
आंध्र प्रदेश	22.09	-
असम	80.35	-
गुजरात	43.00	-
झारखंड	0.00	4.12
मध्य प्रदेश	0.00	24.25
राजस्थान	56.04	-
तमिलनाडु	25.17	-
त्रिपुरा	18.81	-
पश्चिम बंगाल	0.00	27.05
कुल योग	**594.14**	**55.42**

(ख) कोल बेड मीथेन एक गैर-पारंपिक प्राकृतिक गैस है और इसका इस्तेमाल विनिर्माण, रसायन, इस्पात, सीमेंट, विद्युत संयंत्र, घरेलू सीएनजी (संपीड़ित प्राकृतिक गैस) और पीएनजी (पाइप्ड प्राकृतिक गैस) आपूर्ति आदि जैसे उन सभी अनुप्रयोगों में किया जाता है जिनमें प्राकृतिक गैस का इस्तेमाल किया जाता है।

(ग) वित्त वर्ष 2021-22 (अनंतिम) के दौरान प्राकृतिक गैस का घरेलू उत्पादन 34,024 एमएमएससीएम (मिलियन मानक घन मीटर) था और खपत 64,159 एमएमएससीएम थी। सरकार ने सीबीएम का उत्पादन बढ़ाने के लिए अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित नीतिगत पहलें शुरू की हैं:-

i. हाइड्रोकार्बन अन्वेषण और लाइसेंसिंग नीति (एचईएलपी), 2016
ii. सीबीएम अन्वेषण चरण की अवधि बढ़ाए जाने से संबंधित नीति, 2017
iii. सीबीएम के शीघ्र मौद्रीकरण से संबंधित नीति, 2017 जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ कोल बेड मीथेन (सीबीएम) के लिए विपणन और मूल्य निर्धारण की आजादी दी गई है।
iv. मौजूदा उत्पादन हिस्सेदारी संविदाओं (पीएससी), कोल बेड मीथेन (सीबीएम) संविदाओं और नामांकन क्षेत्रों के तहत मौजूदा रकबों में गैर पारंपरिक हाइड्रोकार्बनों के अन्वेषण और दोहन के लिए नीतिगत ढांचा, 2018

****